तीसरा टी-20 आज, टीम इंडिया में होगा बड़ा बदलाव

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की सीरीज के



शुरुआती दो मैचों में जीत हासिल करते हुए 2-0 की बढ़त ले ली है। अब तीसरा मैच आज वेलिंग्टन में खेला जाएगा। इस मैच में जीत टीम इंडिया को सीरीज दिला देगी और इसलिए वह किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ना चाहेगी। इसी को देखते हुए तीसरे मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग-11 में बदलाव देखने को मिल सकता है। दूसरे टी20 मैच में उनकी जगह वैभव सूर्यवंशी को मौका मिला था। वह ओपनिंग करने नहीं आए थे और तीसरे नंबर पर उतरे थे। 15 साल के इस बल्लेबाज के बल्ले से सिर्फ चार रन ही निकले थे। तीसरे मैच में टीम वैभव को बाहर कर सकती है। इसका कारण यह है कि वैभव को उनके स्वाभाविक बल्लेबाजी क्रम पर मौका नहीं मिल पाएगा और अन्य क्रम पर खेलना उनके लिए परेशानी है। इसके अलावा टीम के बाकी बल्लेबाजों के क्रम में भी बदलाव होता है। वहीं, टीम के पास ऐसा विकल्प है जो ईशान की तरह निचले क्रम में खेल सकता है। टीम शिवम दुबे को मौका दे सकती है। वैसे भी बीते दो मैचों में टीम को फिनिशर की जरूरत पड़ी है और शिवम इस काम को बखूबी निभा सकते हैं। उनके आने से आखिरी ओवरों में जो रन बनाने की चिंता पैदा हुई थी उसको थोड़ा आराम मिल सकता है। नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी ने दोनों मैचों में अहम पारियां खेल अपनी जगह पक्की कर ली है।

ईशान तीसरे टी20 में भी नहीं खेलेंगे

वेलिंगटन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टी20 मुकाबले से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। इंजरी के चलते दूसरा टी20 मिस करने के बाद ईशान किशन तीसरे टी20 में भी नहीं खेल पाएंगे। सीरीज के पहले मैच में ईशान की एंजरी हुई थी। इसकी वजह से वह दूसरे मैच में भी नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई ने ईशान किशन के तीसरे टी20 से बाहर होने की जानकारी दी है। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ईशान किशन अपनी दाहिनी जांघ की हल्की चोट से अच्छी तरह उबर रहे हैं। उन्हें यह चोट न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले टी20 मैच के दौरान लगी थी। वह अभी तक मैच खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं, इसलिए 27 अक्टूबर 2026 को वेलिंगटन में होने वाले तीसरे टी20 मैच से वह बाहर रहेंगे।

नीरज नरवाल की तगड़ी रेडिंग, मलेशिया के खिलाफ भारतीय कबड्डी टीम की जबरदस्त जीत, महिला टीम 41-18 से जीती

नयी दिल्ली (एजेंसी) गुजरात के अहमदाबाद के नारणपुरा स्थित वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में



आयोजित पहली कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप 2026 में रविवार को भारत की महिला और पुरुष कबड्डी टीमों ने अपने विजयी अभियान को जारी रखा। महिला टीम ने युगांडा को 41-18 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने मलेशिया को 37-23 से मात दी।

महिला वर्ग के मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने युगांडा पर 23 अंकों की शानदार जीत दर्ज करते हुए मुकाबला 41-18 से अपने नाम किया। कप्तान निधि शर्मा ने 9 अंकों के साथ टीम का नेतृत्व किया, जबकि साक्षी और अनु ने क्रमश: 8 और 7 अंक का योगदान दिया। भारत ने मुकाबले में 25 रेड अंक, 11 टैकल अंक और 4 ऑल आउट अंक हासिल किए। डिफेंस में रितु ने 6 टैकल अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जबकि ज्योति ने 4 टैकल अंक का योगदान दिया।युगांडा की ओर से नमताका बीट्रिस 7 अंकों के साथ सबसे सफल स्कोरर रहीं, जबकि नब्वेगामो कैथरीन ने 2 टैकल अंक का योगदान दिया। युगांडा ने मुकाबले में 13 रेड अंक और 5 टैकल अंक हासिल किए, लेकिन भारत की मजबूत डिफेंस और 2 ऑल आउट ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा कर दिया।पुरुषों के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 37-23 से हराकर 14 अंकों की जीत दर्ज की। नीरज नरवाल मैच के स्टार रहे और उन्होंने 13 अंक हासिल किए, जिनमें 4 बोनस अंक शामिल थे। भरत ने 6 रेड अंक, आदित्य शिंदे ने 5 अंक और नवीन कुमार ने 3 रेड अंक का योगदान दिया।

भारत ने हाफ टाइम तक 27-11 की मजबूत बढ़त बना ली थी और हालांकि मलेशिया ने दूसरा हाफ 12-10 से अपने नाम किया, लेकिन शुरुआती अंतर इतना बड़ा था कि उसकी भरपाई नहीं हो सकी। पूरे मुकाबले के दौरान भारत ने 27 रेड अंक, 4 टैकल अंक और 4 ऑल आउट अंक हासिल किए।

डिफेंस में दीपक एस ने 2 टैकल अंकों के साथ टीम का नेतृत्व किया, जबकि परवेश मलिक और शुभम शिंदे ने 1-1 टैकल अंक का योगदान दिया।

बैलोन डी'ओर : किसके सिर सजेगा फुटबॉल का सबसे बड़ा सम्मान

भारत में लाइव प्रसारण आज रात 1.30 बजे होगा शुरू

लंदन (एजेंसी)। फुटबॉल की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तिगत पुरस्कारों में शामिल बैलोन डी'ओर 2026 समारोह का इंतजार खत्म होने वाला है। इस बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैरी केन, लामिन यमाल और किलियन एमबाप्पे के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। लियोनल मेसी समेत कई अन्य दावेदार भी इस दौड़ में शामिल हैं। पहली बार इस समारोह का आयोजन लंदन में होने जा रहा है। भारतीय प्रशंसक भी देर रात इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण और स्ट्रीमिंग देख सकेंगे। 27 अक्तूबर को रात 1.30 बजे शुरू होने की उम्मीद है। इस साल बैलोन डी'ओर की दौड़ को सबसे करीबी मुकाबलों में से एक माना जा रहा है। गोल करने के मामले में एमबाप्पे का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने विश्व कप, ला लीगा और चैंपियंस लीग में गोल्डन बूट जीते, हालांकि वह कोई टीम ट्रॉफी नहीं जीत सके। यमाल ने बार्सिलोना के साथ ला लीगा और स्पेन



के साथ विश्व कप जीतने की उपलब्धि हासिल की। वहीं, केन ने क्लब और देश के लिए कुल 73 गोल किए। उन्होंने बायर्न म्यूनिख के साथ घरेलू स्तर पर तीन बड़ी ट्रॉफियां जीतीं और चैंपियंस लीग तथा विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचे। मेसी भी खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। बैलोन डी'ओर 2026 समारोह का आयोजन लंदन के लंदन पैलेडियम में होगा। यह पहली बार है जब फुटबॉल के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह की मेजबानी लंदन करेगा।

देवदत्त पडिक्कल दोहरा शतक लगाने से चूके

204 रनों से पिछड़ने के बाद इंडिया-ए का पलटवार

लिंकन (एजेंसी)। इंडिया ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन स्टंप तक इंडिया ए ने 8 विकेट पर 488 रन बना लिए हैं। पहली पारी में टीम सिर्फ 113 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। इसके बाद न्यूजीलैंड ए ने 317 रन ठोक दिए। पहली पारी में 204 रनों से पिछड़ने के बाद इंडिया ए ने 284 रनों की बढ़त बना ली है। देवदत्त पडिक्कल ने इंडिया ए के लिए 199 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली। अंपायर के गलत फैसले की वजह से



आउट हुए। उन्होंने 248 गेंदों का सामना किया और 24 चौकों के साथ 3 छक्के मारे। वहीं साई सुदर्शन 91 रन बनाकर आउट हुए। दोनों के बीच 215 रनों की साझेदारी हुई। इंडिया ए के लिए यश राठौर और वॉशिंगटन सुंदर ने भी फिफ्टी ठोकी। सिर्फ 72 गेंदों पर राठौर ने 8 चौकों की मदद से 66 रनों की पारी निकली। निचले क्रम में तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और आकिब नबी ने बल्ले से अहम योगदान दिया। 36 गेंद पर कंबोज ने 23 रन बनाए और सुंदर के साथ 41 रनों की साझेदारी की। वहीं आकिब नबी ने 38 रनों की पारी खेली। उन्होंने तीन चौके और दो छक्के मारे। सुंदर के साथ उन्होंने 69 रन जोड़े। स्टंप के समय सुंदर 51 रन बनाकर खेल रहे थे। उसके साथ आकाश दीप क्रीज पर हैं। दूसरी पारी में इंडिया ए के तीन प्रमुख बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और ध्रुव जुरेल कमाल नहीं कर पाए। टीम के कप्तान जुरेल ने 12 गेंदों पर 2 रन बनाए। वहीं ओपनर यशस्वी के बल्ले से 5 और राहुल के बल्ले से 4 रन निकले। 10 रनों पर ही इंडिया ए ने अपने दो विकेट खो दिए थे। अंशुल कंबोज और आकिब नबी की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन वापसी की।

हार्दिक पंजाब किंग्स में जायेंगे

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल के आगामी सीजन से पहले मुंबई इंडियंस के खेमे में बड़े बदलावों की सुगबुगाहट तेज हो गई है। पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने रोहित शर्मा के भविष्य, हार्दिक पंड्या के मुंबई इंडियंस छोड़ने की संभावनाओं और टीम की भविष्य की कप्तानी को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। अश्विन का मानना है कि हिटमैन रोहित शर्मा का अभी संन्यास लेने का कोई विचार नहीं है और वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह कई और सालों तक खेलते हुए नजर आ सकते हैं।रोहित शर्मा के आईपीएल करियर को लेकर बात करते हुए अश्विन ने एमएस धोनी का उदाहरण दिया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान कहा कि हम नहीं जानते कि रोहित केवल एक और साल खेलेंगे या उससे अधिक समय तक जारी रखेंगे। यही बात धोनी के बारे में भी कही जा रही थी लेकिन वह सालों से खेल रहे हैं और अगले सीजन में भी बतौर खिलाड़ी वापसी कर सकते हैं। इसके अलावा भविष्य में, नमन धीर के सोचने की स्पष्टता और मैदान पर उनके शांत स्वभाव को देखते हुए मैं उन्हें कप्तानी के विकल्प के रूप में खारिज



न हीं करूंगा।अगर आईपीएल में रोहित शर्मा के आंकड़ों पर नजर डालें तो वह इस लीग के सबसे सफल बल्लेबाजों और कप्तानों में से एक रहे हैं। रोहित ने 281 मैचों में 29.91 की औसत और 132.92 के स्ट्राइक रेट से 7329 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और 49 अर्धशतक शामिल हैं।

2008 में डेक्कन चार्जर्स के साथ करियर की शुरुआत करने वाले रोहित ने कुल 6 आईपीएल खिताब जीते हैं।

बिहार महिला टीम ने मणिपुर को 10 विकेट से हराया

पटना। सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी प्लेट के मुकाबले में बिहार महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मणिपुर महिला टीम को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। सोविमा स्थित नागालैंड क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बिहार की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मणिपुर महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाए। बिहार की टीम के सामने जीत के लिए 84 रनों का लक्ष्य था।

बिहार की गेन्दबाजी में आर्य सेठ को 2 विकेट तथा अंशु, रचना, प्रीति और अपूर्वा को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार महिला टीम ने आक्रामक और संयमित



बल्लेबाजी करते हुए मात्र 10.4 ओवर

सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी

में बिना कोई विकेट गंवाए 86 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस तरह बिहार ने 56 गेंद शेष रहते 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। बल्लेबाजी में वैदही यादव ने 40 गेंदों में 9 चौका लगाकर नादाब 51 रनों की पारी खेली तथा श्रुति गुप्ता ने नाबाद 29 रन बनाया। बिहार महिला टीम की इस जीत से टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन को मजबूती मिली है। खिलाड़ियों ने सामूहिक प्रयास और बेहतर खेल भावना का परिचय देते हुए मुकाबले को एकतरफा बना दिया।

संजीव मिश्र बने दिव्यांग क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया की बिहार इकाई के अध्यक्ष

पटना। दिव्यांग क्रिकेट को बिहार में संगठित और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते



हुए दिव्यांग क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) ने पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्र को बिहार ईकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। दिव्यांग क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन राजेश भारद्वाज की ओर से जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार डीसीसीआई के निदेशक मंडल की 25 अक्टूबर को हुई बैठक में सर्वसम्मति से बिहार के अध्यक्ष के रूप में संजीव कुमार मिश्र की नियुक्ति को मंजूरी दी गई।

नियुक्ति पत्र के अनुसार बिहार इकाई की बाकी कमेटी बनाने की जिम्मेवारी भी संजीव कुमार मिश्र को सौंपी गई है।

पटना प्रमंडल बना ओवरऑल चैंपियन मुंगेर प्रमंडल को उपविजेता का खिताब

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

पटना। राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पटना प्रमंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 115 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, मुंगेर प्रमंडल की टीम 71 अंक अर्जित कर उपविजेता बनी। पटना प्रमंडल की बालिका मुक्केबाजों ने अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा। सोमवार को संपन्न मुकाबलों में बालिका अंडर-17 आयु वर्ग के 42 किलोग्राम भार वर्ग में पटना प्रमंडल की गुड़िया कुमारी ने पूर्णिया प्रमंडल की शहनाज परवीन को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। 44 किलोग्राम भार वर्ग में पटना प्रमंडल की खुशबू कुमारी ने सारण प्रमंडल की शांभवी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि शांभवी को रजत पदक मिला। 46 किलोग्राम भार वर्ग में पटना प्रमंडल की अंजली कुमारी ने सारण



प्रमंडल की श्रेया कुमारी को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, 48 किलोग्राम भार वर्ग में पटना प्रमंडल की अंजू कुमारी ने सारण प्रमंडल की शिवानी कुमारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। 50 किलोग्राम भार वर्ग में पटना प्रमंडल की आकांक्षा कुमारी ने मुंगेर प्रमंडल की शिवानी कुमारी को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बालिका अंडर-19 आयु वर्ग में भी पटना प्रमंडल का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। इस वर्ग में पटना की सृष्टि सिंह ने मुंगेर प्रमंडल की ज्योति कुमारी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

संन्यास के बाद पहली बार अमेरिका में खेलेंगे राफेल नडाल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल संन्यास के दो साल बाद अमेरिका में फिर से कोर्ट पर नजर आएंगे। 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले नडाल अगले साल फरवरी में लास वेगास में होने वाले एक प्रदर्शनी टेनिस मुकाबले में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। नडाल 27 फरवरी को टी-मोबाइल एरिना में होने वाले द एमजीएम स्लैम प्रेजेंटेड बाय कैपिटल वन में मुख्य आकर्षण होंगे। यह कैलिफोर्निया के इंडियन वेल्स में होने वाले एटीपी 1000 टूर्नामेंट से ठीक पहले आयोजित किया जाएगा। हालांकि, इस प्रदर्शनी मुकाबले में हिस्सा लेने वाले अन्य खिलाड़ियों और मैच के प्रारूप की घोषणा आने वाले हफ्तों में की जाएगी। नडाल ने वर्ष 2024 में भी लास वेगास में आयोजित प्रदर्शनी मुकाबले में हिस्सा लिया था। उस समय उनका सामना स्पेन के युवा स्टार कार्लोस अल्करास से हुआ था। यह नडाल के पेशेवर टेनिस करियर का आखिरी साल था।

करुणा किंग्स और बसावन पार्क क्वार्टर फाइनल में

पटना। द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को दो टीमों



ने दमदार प्रदर्शन कर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की। सीएबी ग्राउंड पर खेले गए प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में करुणा किंग्स ने राज स्कायर इंडोर क्रिकेट एकेडमी को 67 रन से हराया, जबकि बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने टर्फ एरिना ए को 29 रन से पराजित कर अंतिम आठ में प्रवेश किया।

सरदार पटेल स्पोर्टस फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में करुणा किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में नौ विकेट पर 133 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राज स्कायर की टीम 16.2 ओवर में 66 रन पर सिमट गई। प्रतीक शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 154 रन बनाए। रोहन सिंह ने 38 और शरद सिंह ने 33 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। जवाब में टर्फ एरिना की टीम निर्धारित 21 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट हो गई। सम्राट सिंह ने 39, कप्तान आयुष ने 27 और दिव्यांशी सिंह ने 12 रन बनाए। टीम को अतिरिक्त के रूप में 36 रन मिले। हार्दिक कल्याण को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

द्वितीय विमला देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

सीनियर बिहार सॉफ्ट टेनिस टीम का चयन ट्रायल संपन्न

पटना। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ़ बिहार के द्वारा 23वें सीनरी नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप हेतु भाग लेने के लिए बिहार के पुरुष व महिला खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आरा के आरा क्लब, भोजपुर में संपन्न हुआ।



चयन ट्रायल हेतु डॉक्टर रंजीत भूषण व राजू कुमार दो सदस्यीय चयनकर्ता के द्वारा संपन्न कराया गया। इस चयन ट्रायल में में इसी वर्ष आयोजित होने वाले सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित करके बुलाया गया था। बालक वर्ग में होशियार सिंह सागर, आकृत कुमार, नितीश कुमार,आयुष कुमार, वीर विक्रम, प्रिंस भास्कर मिश्रा, कुमार अमरेश, कार्तिकेय आगासी, राज मल्होत्रा, रवि कुमार मेहता, प्रिंस कुमार, संजीत कुमार, तनिष्क भारद्वाज, अभिषेक राज, शेखर कुमार, सत्यम कुमार, सिशांत कुमार, वरुण राज, आदित्य राज, सागर सिंह, व सत्यम प्रकाश जबकि महिला वर्ग में मेधावी कृति, अनुभव भारती, स्नेहा कुमारी, योगिता राज, सानिया प्रवीण, यति राज, दिव्या कुमारी, तृषा कुमारी ,तृप्ति कुमारी व आर्या प्रारसर । चयन ट्रायल के बाद इन सभी खिलाड़ियों का आठ दिनों का कैंप लगाया जाएगा तत्पश्चात अंतिम रूप से बिहार टीम की घोषणा की जाएगी इस बात की जानकारी सॉफ्टवेयर इस एसोसिएशन आफ बिहार के अध्यक्ष मोहन प्रसाद ने दी।

राष्ट्रीय लॉन बॉल्स प्रतियोगिता में बिहार को कांस्य पदक

पटना (खेप)। बिहार बॉलिंग एसोसिएशन (लॉन बॉल्स) के सचिव प्रेम शंकर ने बताया कि बिहार टीम ने



राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की है।उन्होंने बताया कि पहली अंडर-18 और 6 अंडर - 25 राष्ट्रीय लॉन बॉल्स चैंपियनशिप 2026 ओडिशा, बलांगिर जो 22 से 26 अक्टूबर 2026 तक बॉलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में ओडिशा बॉलिंग एसोसिएशन ने अयोजित किया ! बिहार के दीपक कुमार और सुमन कुमारी की जोड़ी ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।सेमीफाइनल में दिल्ली की टीम (अंशुमन और माहिरा) से 22-14 के स्कोर से पीछे रहने के बाद बिहार की इस होनहार जोड़ी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा, जो राज्य के लॉन बॉल्स खेल के लिए एक उपलब्धि है। सचिव प्रेम शंकर और एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

बिहार की पहली पारी 99 रनों पर सिमटी

पटना। रणजी ट्रॉफी एलीट के मैच में बिहार और मध्य प्रदेश के बीच होलकर स्टेडियम, इंदौर में खेले जा रहे चार दिवसीय मुकाबले के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बिहार की टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक़ नहीं रहा। बिहार ने अपनी पहली पारी में 99 रन बनाया। मध्य प्रदेश ने पहली पारी में 261 रन बनाकर 3 विकेट गंवाए हैं। इस प्रकार मध्य प्रदेश को बिहार पर अब तक 162 रनों की बढ़त हासिल हो चुकी है, जबकि उसके सात विकेट शेष हैं। बिहार की बल्लेबाजी में मंगल महरौर ने 42 और सुराज ने 15 रन बनाया। मध्य प्रदेश की गेन्दबाजी में सारांश जैन ने 13 ओवर में 1 मेडन रखते हुए 40 रन देकर 7 विकेट चटकाया। आवेश को 2 और कार्तिके को 1 विकेट मिला।

मध्य प्रदेश की बल्लेबाजी में यश दुबे 84, चंचल 28 रन तथा सक्षम पुरोहित ने 113 रनों की पारी खेली। मध्य प्रदेश का कूल स्कोर 57 ओवर में 261 रन 3 विकेट के नुकसान पर। बिहार की गेन्दबाजी में आज का खेल



रणजी ट्रॉफी

खत्म होने तक अमोद यादव ने 2 विकेट तथा सूरज ने 1 विकेट चटकाया। पहले दिन के खेल के बाद मध्य प्रदेश की टीम मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। बिहार के गेंदबाजों के सामने मध्य प्रदेश की पारी पर अंकुश लगाने और शेष विकेट जल्द हासिल करने की चुनौती होगी।

मैच के आगामी दिनों में बिहार की टीम को वापसी करने के लिए बेहतर गेंदबाजी और रणनीतिक प्रदर्शन करना होगा।